तापमान
अधिकतम 24.1 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

11 400 मीटर रेस में मोनिका, 200 में सोनिया प्रथम...

12 शहर के दो चौराहों पर होंगे विरासत के दीदार


## शहर में आज

- सुबह 9:30 बजे पंडित श्रीराम रंगशाला में रोड स्वीपिंग कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर 10 बजे


**बिजली कट**

- साढ़े 10 बजे से ढाई बजे तक छोटू राम नगर, हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, प्रवेश नगर, सूर्य नगर, गोहाना रोड इत्यादि की लाइट बन्द रहेगी।

## खबर संक्षेप

### आकाशवाणी रोहतक पर डॉ. पूजा का फागुन दर्शन

**रोहतक।** आकाशवाणी से वीरवार को प्रसारित विशेष कार्यक्रम में डॉ. पूजा देशवाल ने फागुन विषय पर श्रोताओं को भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन से परिचित कराया।



उन्होंने फागुन को एक माह न मानकर उसे भारतीय लोकचेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन के उल्लासपूर्ण दर्शन के रूप में प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. पूजा देशवाल इससे पूर्व भी दो बार आकाशवाणी रोहतक से अपने विचारों का प्रसारण कर चुकी हैं, जिन्हें श्रोताओं से सराहना मिली।

### लीगल लिटरेसी में गरिमा रही विजेता

**सांपला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 11वीं कक्षा की छात्रा गरिमा ने डिक्लेमेशन (लीगल लिटरेसी) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गरिमा पुत्री रविंदर कुमार ने पहले खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसके बाद जिला स्तर की प्रतियोगिता में विजेता रही। विद्यालय के प्रवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम एवं डॉ. स्नेहलता का विशेष मार्गदर्शन रहा। प्राचार्य सुनील कुमार मेहरा ने कहा कि गरिमा एक मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा है। जो लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही है। उसकी यह सफलता परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। गुरुवार को स्कूल की तरफ से उन्हें बधाई दी गई

### मोटर चोरी की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटर चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव भगवतीपुर निवासी श्रवण की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन से अज्ञात युवकों ने मोटर चोरी कर ली और फरार हो गए। जांच मुख्य सिपाही रविंद्र ने की। जांच के दौरान 4 फरवरी को आरोपी योगेश निवासी जींद तथा सन्नी निवासी जींद को गिरफ्तार किया गया।

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में प्लॉट बुकिंग की आज अंतिम तिथि

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत योग्य पात्र 6 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अभी योजना के तहत जिला में लगभग 231 पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई है। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित प्लॉटों के आवंटन की नीति 23 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

# 36 करोड़ रुपये से बदलेगी सेक्टरों व निगम के 8 गांवों की सड़कों की सूरत

सेक्टर 1, 2, 3, 4, 5 और 6 सहित शहर के विभिन्न हिस्सों की सड़कों पर रोड स्वीपिंग का किया जाएगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टरों व निगम के आठ गांवों की सड़कों को साफ, स्वच्छ और बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। करीब 36 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि सड़क सफाई और रखरखाव पर खर्च की जाएगी। इस रोड स्वीपिंग का शुक्रवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस योजना के तहत 300 नए कर्मचारियों को आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्त किया गया है, जो शहर के प्रमुख सेक्टरों और निगम क्षेत्र में शामिल गांवों की सड़कों की नियमित सफाई और देखरेख करेंगे। निगम का दावा है कि इस पहल से न केवल शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा, बल्कि आमजन को भी साफ-सुथरा वातावरण मिलेगा। नगर निगम की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत सेक्टर 1, 2, 3, 4, 5 और 6 सहित शहर के विभिन्न हिस्सों की सड़कों पर रोड स्वीपिंग का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में आने वाले आठ गांवों की सड़कों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। लंबे समय से इन क्षेत्रों में सड़कों पर धूल, मिट्टी और कचरे की समस्या बनी हुई थी, जिसको लेकर स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे थे। अब निगम की ओर से किए गए इस प्रबंध से इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

**300 नए कर्मचारी आउटसोर्स पर, रोड स्वीपिंग कार्य का शुभारंभ होगा आज**

**विशेष ध्यान देंगे:** नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, केवल सफाई ही नहीं बल्कि सड़कों के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। रोड स्वीपिंग के दौरान जहां कचरे और धूल को हटाया जाएगा, वहीं टूटे-फूटे हिस्सों, गड्ढों और किनारों पर जमा मलबे की भी नियमित निगरानी की जाएगी। इससे सड़कों की उम्र बढ़ेगी और यातायात भी अधिक सुचारू रहेगा। निगम का मानना है कि साफ सड़कें न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका को भी कम करती हैं।

## लोगों को इससे पूरी उम्मीदें

शहरवासियों को इस योजना से काफी उम्मीदें हैं। लोगों का कहना है कि यदि यह कार्य नियमित और ईमानदारी से किया गया तो सड़कों पर फैली गंदगी, धूल और कचरे से काफी हद तक राहत मिलेगी। खासकर बरसात और सर्दियों के मौसम में सड़कों पर फिसलन और धूल की समस्या कम होगी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी। कुल मिलाकर, 36 करोड़ रुपये की इस योजना को नगर निगम की अब तक की सबसे बड़ी सड़क सफाई पहल माना जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि निगम इस योजना को जमीन पर कितनी प्रभावी तरीके से लागू कर पाता है और क्या इससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में वास्तविक बदलाव नजर आता है।

## आज होगा शुभारंभ

इस योजना का औपचारिक शुभारंभ सुबह 9:30 बजे पंडित श्रीराम रंगशाला में किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शुभारंभ के अवसर पर रोड स्वीपिंग मशीनों और कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया जाएगा। निगम प्रशासन का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल एक शुरुआत है और आने वाले समय में स्वच्छता को लेकर और भी योजनाएं लागू की जाएंगी।

**ज्वेलर्स की चेतावनी : जेवर बनवाना ठीक, लेकिन निवेश के नाम पर चांदी की ईंट खरीदने से बचें लोग, नहीं तो हो सकता नुकसान**

# चांदी की चमक से रहें चौकन्ना सटोरिए कर रहे खेल, लुढ़के दाम

छोटे दुकानदारों का मानना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में कारोबार और सुस्त हो जाएगा

*ज्वेलर्स के अनुसार बीते महीनों में चांदी के भाव लगातार ऊपर की ओर जा रहे थे। इस तेजी को देखकर बड़े सटोरियों ने भारी मात्रा में चांदी की खरीद कर ली थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पिछले कुछ समय से चांदी का बाजार सटोरियों के प्रभाव में नजर आ रहा है। जैसे ही सटोरियों ने भारी मात्रा में चांदी बेचनी शुरू की, वैसे ही बाजार में दामों में गिरावट दर्ज की गई। अचानक आए इस उतार-चढ़ाव ने न सिर्फ छोटे निवेशकों को असमंजस में डाल दिया है, बल्कि आम ग्राहकों के बीच भी चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय ज्वैलर्स का कहना है कि चांदी की कीमतों में यह गिरावट मांग कम होने से नहीं, बल्कि सटोरियों की रणनीतिक बिकवाली का नतीजा है। ज्वैलर्स के अनुसार बीते महीनों में चांदी के भाव लगातार ऊपर की ओर जा रहे थे। इस तेजी को देखकर बड़े सटोरियों ने भारी मात्रा में चांदी की खरीद कर रखी थी। जैसे ही उन्हें मुनाफा वसूलने का मौका मिला, उन्होंने बाजार में एक साथ चांदी उतारनी शुरू कर दी। इसका सीधा असर यह हुआ कि सप्लाई बढ़ी और दाम गिरने लगे। स्थानीय सर्राफा बाजार के अनुभवी कारोबारी बताते हैं कि आमतौर पर शादी-विवाह के सीजन या त्योहारों के समय चांदी की मांग बढ़ती है, लेकिन फिलहाल बाजार में मांग स्थिर है। इसके बावजूद दामों में तेज उतार-चढ़ाव इस बात का संकेत है कि बाजार प्राकृतिक मांग-आपूर्ति से नहीं, बल्कि सट्टेबाजी से संचालित हो रहा है।



**जरूरत के अनुसार ही चांदी खरीदें और निवेश से पहले विशेषज्ञों की सलाह जरूर लें।**

### आम ग्राहकों पर असर

*चांदी के दाम घटने का असर आम ग्राहकों पर मिला-जुला पड़ा है। जो लोग पहले ऊंचे दामों पर चांदी खरीद चुके हैं, वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। वहीं, जो लोग अभी खरीदारी की सोच रहे हैं, वे असमंजस में हैं कि दाम और गिरेंगे या नहीं। सर्राफा बाजार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि इस अनिश्चितता के चलते कई ग्राहक खरीदारी टाल रहे हैं। इससे बाजार की रौनक पर भी असर पड़ा है। छोटे दुकानदारों का मानना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में कारोबार और सुस्त हो सकता है।*

### भविष्य को लेकर आशंका

विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक सटोरियों का दबदबा बाजार पर बना रहेगा, तब तक चांदी के दाम स्थिर नहीं रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार, डॉलर की चाल और ब्याज दरों में बदलाव भी चांदी की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में आम निवेशकों के लिए यह समय बेहद सतर्क रहने का है। ज्वैलर्स का कहना है कि चांदी को लंबे समय से सुरक्षित निवेश माना जाता रहा है, लेकिन मौजूदा हालात में यह धारणा पूरी तरह सही साबित नहीं हो रही। बाजार की चाल समझे बिना किया गया निवेश नुकसान में बदल सकता है। अंत में सर्राफा कारोबारियों ने आम लोगों से अपील की है कि वे सटोरियों की चाल में न आएं। जरूरत के अनुसार ही चांदी खरीदें और निवेश से पहले विशेषज्ञों की सलाह जरूर लें। तभी वे अपने पैसे को सुरक्षित रख पाएंगे और बाजार की उठापटक से बच सकेंगे।

### पिछले एक सप्ताह के चांदी के दाम

| दिन | भाव | दिन | भाव |
|---|---|---|---|
| शुक्रवार | 4 लाख | सोमवार | 3 लाख 50 हजार |
| शनिवार | 3 लाख 80 हजार | मंगलवार | 3 लाख 10 हजार |
| रविवार | ——- | बुधवार | 2 लाख 85 हजार |
| | | बृहस्पतिवार | 2 लाख 45 हजार |

### बड़े खिलाड़ियों की चाल से बचें

ज्वेलर्स जोगिंद्र वर्मा का कहना है कि अगर किसी को घरेलू उपयोग या गहने बनवाने के लिए चांदी चाहिए, तो मौजूदा दामों पर खरीद करना गलत नहीं है। लेकिन निवेश के नाम पर चांदी की ईंट या सिल्वर बार खरीदना इस समय जोखिम भरा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि चांदी की कीमतें अभी पूरी तरह स्थिर नहीं हैं। सटोरियों के हाथ में बाजार होने के कारण कभी भी दाम ऊपर-नीचे हो सकते हैं। आम लोगों को यह समझना चाहिए कि वे बड़े खिलाड़ियों की चाल में फंसकर अपना पैसा न लगाएं। ज्वैलर्स का यह भी कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए चांदी में निवेश को सुरक्षित और लाभकारी बताकर प्रचार किया गया। इसी कारण कई छोटे निवेशकों ने चांदी की ईंटें खरीदीं। लेकिन अब जब दाम गिर रहे हैं, तो वही निवेशक नुकसान में नजर आ रहे हैं।

**नेशनल हाईवे-9 पर सड़क हादसा**

# कार सवार महिला की मौत

स्कॉर्पियो ने नेक्सॉन को मारी टक्कर, पति व बेटी के साथ गांव लौट रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर हुए सड़क हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए। हादसा मदीना के पास रेडियो स्टेशन के नजदीक हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने नेक्सॉन कार को टक्कर मार दी। मदीना कोरसान गांव निवासी शबनम अपने पिता मंगल सिंह, मां शशिबाला और चचेरी बहन प्रियंका के साथ रोहतक से अपने गांव लौट रही थी। परिवार टाटा नेक्सॉन कार में सवार था। उनकी गाड़ी मदीना के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। शबनम की मां शशिबाला गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत पीजीआई रोहतक ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस ने केस दर्ज किया**

शबनम ने बताया कि उन्होंने मौके पर ही स्कॉर्पियो का नंबर नोट कर लिया और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत पर स्कॉर्पियो चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

## एमडीयू के राजनीति विज्ञान विभाग के 7 छात्र एचपीएससी में सहायक प्रोफेसर चयनित



चयनित छात्रों को बधाई देते विभागाध्यक्ष डॉ ममता नरवाल, प्रो राजेंद्र शर्मा व अन्य ।

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के 7 विद्यार्थियों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। हरियाणा लोक सेवा आयोग की इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों में डॉ. गौरव शर्मा, मंजीत, अजय, राहुल, समीक्षा डाबस, रूबी एवं मुस्कान शामिल हैं। विभाग के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने चयनित अभ्यर्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।विभागाध्यक्ष डॉ ममता नरवाल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे चयनित पदों पर नियुक्त होकर शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी एवं निष्ठा से योगदान देंगे। प्रो राजेंद्र शर्मा ने कहा कि विभाग सदैव विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं अकादमिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। विभाग की ओर से यह भी कहा गया कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन या सहायता की आवश्यकता होने पर विभाग हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। प्राध्यापक डॉ निशा और डॉ ज्योति ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# तहसीलदार-नायब तहसीलदार रहे हड़ताल पर

लोगों के इंतकाल और प्रमाणपत्र अटके, 2 से 4 फरवरी तक पटवारी रहे थे हड़ताल पर

**रोहतक।** तीन दिन तक मांगों को लेकर पटवारी हड़ताल पर रहे। ये वीरवार को काम पर लौटे तो तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए। जिससे रोहतक, महम,लाखनमाजरा, कलानौर और सांपला तहसील में प्रशासनिक कामकाज बाधित रहा। राज्य सरकार कुछ तहसीलदारों की जांच करा रही है। हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन का कहना है कि हाल के दिनों में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर राजस्व अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी और निलंबन जैसी कठोर कार्रवाइयां की गई हैं, जिससे पूरे राजस्व तंत्र में भय और असमंजस का माहौल बन गया है। इसका सीधा असर पंजीकरण और राजस्व कार्यों पर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने हड़ताल का आह्वान किया हुआ था। राजस्व अधिकारियों की तरफ से सरकार को भेजे गए मांगपत्र में बताया गया है कि रायपुर रानी के तहसीलदार विक्रम सिंगला, वजीराबाद के नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार और नारायणगढ़ (अंबाला) के तत्कालीन नायब तहसीलदार संजीव अत्री के साथ सरकार ने अन्याय किया है। एसो ने बताया है कि इन अधिकारियों के मामलों में वैधानिक प्रक्रियाओं और कानूनी संरक्षणों का पालन नहीं किया गया।

**रजिस्ट्री जैसे जरूरी काम रुके**

हरियाणा में तहसीलदार राजस्व प्रशासन का मुख्य अधिकारी होता है, जो भूमि रिकॉर्ड के रखरखाव, जमीन की रजिस्ट्री (पंजीकरण), दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), सीमांकन और विवाद निपटारे जैसे प्रमुख कार्य करता है। तहसीलदार की कोर्ट भी लगती है। पटवारियों की हड़ताल के कारण तकरीबन 800 इंतकाल व 400 आय प्रमाण पत्र को तहसीलदार ने पोर्टल पर स्वीकृति वीरवार को देनी थी। लेकिन हड़ताल की वजह से ये सब नहीं हो पाया।

## 50 ग्राम अफीम सहित पांच गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 ग्राम अफीम सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पकड़ा गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अफीम बरामद हुई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, इसी दौरान उन्हें कुछ युवकों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। रोककर पूछताछ और तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 50 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांचों युवकों को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी नशा कहां से लेकर आए थे और इसे कहां सप्लाई करने वाले थे। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इनके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं जुड़ा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

**• आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा**

# हिमांशु भाऊ गैंग के गुर्गे की तलाश में मेरठ पुलिस की रोहतक में दबिश

**रोहतक।** कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े संदिग्ध गुर्गे की तलाश में मेरठ पुलिस की एक टीम ने शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में दबिश दी। गुप्त सूचना पर यूपी पुलिस ने एक मकान पर छापेमारी की, लेकिन तलाशी के दौरान वहां कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा, जिसके बाद टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। सूत्रों के अनुसार मेरठ में रोहित नामक युवक पर आपराधिक मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार है। हाल ही में मिली गुप्त सूचना में बताया गया था कि आरोपी रोहतक में किसी परिचित के घर पर छिपा हुआ है। सूचना पर मेरठ पुलिस की टीम रोहतक पहुंची और स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने के बाद शिवाजी कॉलोनी स्थित एक मकान पर दबिश दी। तलाशी में आरोपी मौजूद नहीं मिला और उसके रहने के प्रमाण नहीं मिले।

**लोकल पुलिस को नहीं दी सूचना**

इस कार्रवाई की विशेष बात यह रही कि रोहतक पुलिस को पहले से इस छापेमारी की जानकारी नहीं दी गई थी। स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें बाद में इस कार्रवाई के बारे में पता चला। रोहतक पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है और संबंधित एजेंसियों से संपर्क किया जा रहा है।

**जिले के साढ़े आठ लाख वोटर, बीएलए घर-घर जाकर कर रहे जांच**

# एसआईआर से पहले ही 132000 का डाटा मिस मैच

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

जिले के साढ़े आठ लाख वोटर में से तकरीबन 132000 के डाटा में निर्वाचन आयोग को खामियां मिली हैं। इन त्रुटियों को दूर करने के लिए अब बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं। वैरीफिकेशन का कार्य आठ-दस दिन पहले शुरू कराया गया है। काम पूरा होने में अभी तक 12-15 दिन और भी लगेंगे। खामियों में एक फोटो पर दो जगह वोट हैं। एक मत अलग-अलग पतों पर भी है। इसमें कितनी सच्चाई ये तो वैरीफिकेशन के बाद ही सही सही मालूम होगा। पिछले आठ दस दिन में बीएलओ द्वारा मौके पर जाकर जिन वोटर का सत्यापन किया जा चुका है, उसमें त्रुटियां पाई गई हैं।

- रोहतक-कलानौर में 20-20 हजार व महम-गढ़ी सांपला में 46-46 हजार का डाटा नहीं मैच
- एक फोटो पर दो-दो स्थान पर है वोट, पते भी नहीं हो रहे मैच
- एसआईआर शुरू करने को अफसरों को दी जा चुकी ट्रेनिंग

### अधिकारी कुछ भी कहने से परहेज कर रहे

इनको लेकर फिलहाल तक अधिकारी कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं। अफसर कह रहे हैं कि सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद ही ये बताया जा सकता है कि आयोग द्वारा जो खामियां बताई गई थी, वह सही थी या नहीं। रोहतक और कलानौर विधानसभा में तकरीबन 20-20 हजार, महम और गढ़ी सांपला किलोई में 46-46 हजार वोटर ऐसे बताया जा रहे हैं, जिनका डाटा मैच नहीं है। मिस मैच वोटरों की संख्या कम ज्यादा भी हो सकती है।

### एसआईआर भी शुरू होगा

इस समय रोहतक, महम, कलानौर और गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ खामियां मिले डाटा की घर-घर जाकर डाटा का मिलान कर रहे हैं। इसमें वोटर की वास्तविकता, पते, पहचान, निवास और पात्रता शामिल है। फोटो समेत दूसरे दस्तावेजों की जांच की जा रही है। क्योंकि कुछ समय बाद जिले की वोटर लिस्ट का एसआईआर प्रारंभ होना है। इसके लिए अधिकारियों को ट्रेनिंग तक दी जा चुकी है। बीएलओ द्वारा डाटा मैच न होने वाले मतदाता का नाम पता, ईपिक नंबर, पता, मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र तथा फोटो की जानकारी ऑन दी स्पॉट देकर बताया जा रहा है कि उसका डाटा कैसे मैच नहीं हो रहा।

### एईआरओ को दिया प्रशिक्षण

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के दृष्टिगत कुछ दिन पहले ही रोहतक मंडल के ईआरओ व अतिरिक्त एईआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें झज्जर, भिवानी, चरखी दादरी, सोनीपत व रोहतक के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों को निर्वाचन तहसीलदार सरला ने एसआईआर के बारे में विस्तार से बताया। ताकि मंडल में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के कार्य को समय पर पूर्ण किया जा सके।

### ऐसे चेक करें अपनी वोट

बताया जा रहा है कि वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण आठ दस दिन पहले शुरू करवाया गया है। अधिकारिक सूत्र बताते हैं यह काम पूरा होने में अभी पंद्रह दिन और लगेंगे। किसी भी वोटर को अपना नाम मतदाता सूचि में चैक करना है तो वह भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट **www.eci.gov.in** पर जाकर कर सकता है। जिन मतदाताओं को यह मालूम नहीं है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में स्वयं उनका नाम या उनके माता-पिता, दादा-दादी का नाम किस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किस भाग में दर्ज है, ये भी बेबसाइट पर उपलब्ध है।

## शादी समारोह में फायरिंग मामले में हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने शादी समारोह में एक व्यक्ति पर फायरिंग करने की वारदात में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि देव कॉलोनी निवासी सोनू की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 23 जनवरी को सोनू अपनी पत्नी के साथ भिवानी रोड स्थित पांचाल धर्मशाला में अपने साले की शादी समारोह में गया हुआ था। वहां सोनू का साढ़ू भी मौजूद था, जिसने काफी शराब का सेवन कर रखा था। उक्त व्यक्ति ने सोनू के साथ झगड़ा किया तथा गाली-गलौज करते हुए पिस्तौल निकालकर उस पर फायर कर दिया। सोनू ने बचाव किया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की जांच प्रभारी पुलिस चौकी नई अनाज मंडी स.उप.नि. निकेश द्वारा की गई। जांच के दौरान 4 फरवरी को आरोपी जीतू पुत्र गरीबदास निवासी पुरानी सब्जी मंडी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी है तथा उसके खिलाफ शहर रोहतक में हत्या का मामला दर्ज है। आरोपी जीतू ने करीब ढाई साल पहले हथियार आरोपी विक्की को उपलब्ध कराया था, जिसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल

फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।



## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत

**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *



अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूप:** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर:** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता है:** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजन:** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटूनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

## चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1 तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।



2 लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।


3 चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2. पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान

एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं, 'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद



श्रुति, भिवानी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में 16वीं वार्षिक एथलेटिक मीट संपन्न

# 400 मीटर रेस में मोनिका, 200 में सोनिया प्रथम, मटकी लेकर सबसे तेज दौड़ी प्रीति



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्या इंदु सपरा। फोटो : हरिभूमि

- एथलेटिक मीट के दूसरे दिन छात्राओं एवं टीचिंग-नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए भी हुई स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में दो दिवसीय 16वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। एथलेटिक मीट के दूसरे दिन छात्राओं एवं टीचिंग-नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

400 मीटर दौड़ में मोनिका (एम .ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम, प्रीति (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा निशु (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सोनिया ,प्रीति एवं निशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। मटकी रेस में प्रीति (बी.ए. प्रथम वर्ष), निशा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) एवं पूजा (एम .ए. प्रथम वर्ष) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री-लेग्ड रेस में मुस्कान व प्रीति ने प्रथम, जसविंदर व आरती ने द्वितीय तथा खुशी व स्नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अंजलि एवं उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इसके अतिरिक्त टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने भी 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या ने छात्राओं के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल हमें अनुशासन, नैतिकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ते हैं तथा जीत के साथ-साथ हार में भी दृढ़ संकल्प बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। प्राचार्या ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट मोनिका (एम. ए. प्रथम वर्ष) को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया तथा एथलेटिक मीट के सफल आयोजन हेतु स्पोर्ट्स कमेटी को हार्दिक बधाई दी। खेल संयोजक जोगेंद्र सिंह ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में विभिन्न स्तरों पर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने की कामना की। राष्ट्रगान की गूंज के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर लाखन माजरा गांव के गणमान्य नागरिकों सहित महाविद्यालय के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय जूडो के पुरुष वर्ग में जाट कॉलेज विजेता

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय अंतर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के कन्वेनर डॉ बसंत कुमार रहे तथा मंच का संचालन डॉ किरण शर्मा एवं नीति अहलावत ने किया। प्राचार्य ने स्पोर्ट्स बोर्ड सदस्यों के साथ मिलकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा पारितोषिक किया गया। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा भार अनुसार प्रथम पुरस्कार के रूप में 4000 हजार, द्वितीय को 3000 हजार तथा प्रत्येक भार वर्ग में तृतीय स्थान हासिल करने वाले दो सदस्यों को 2000-2000 हजार रूपये एवं मेडल प्रदान किए गए। विजेता एवं उपविजेता कालेजों को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ इशांत ,डॉ अजय जून, डॉ सुभाष कोच, डॉ योगेश, डॉ बिंदु, डॉ रुचि, अनिल कोच, डॉ शक्ति परीक्षित कोच, मोनू कोच, विकास कोच, अजित सिंह, डॉ मुकेश गोयत, सतपाल गुलिया, मीना कोच, राहुल कोच प्रिंस कोच सोमबीर पावारिया आदि मौजूद रहे। ओवर ऑल ट्रॉफी मेन सेक्शन में जाट कॉलेज रोहतक प्रथम, आर के एस डी कॉलेज कैथल द्वितीय तथा महिला सेक्शन में एमकेजेके रोहतक प्रथम तथा आरकेएस डी कॉलेज कैथल द्वितीय रहा । पुरुष टीम चैम्पियनशिप में जाट कॉलेज रोहतक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आरकेएसडी कॉलेज कैथल द्वितीय स्थान पर रहा। महिला टीम चैम्पियनशिप में एमकेजेके कॉलेज रोहतक ने प्रथम तथा आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### व्यक्तिगत भार वर्ग प्रतियोगिता में ये छाए

- 60 किग्रा वर्ग में आशीष कुमार (डीएवी कॉलेज, कैथल)
- 66 किग्रा वर्ग में चिराग (आरकेएसडी कॉलेज, कैथल)
- 73 किग्रा वर्ग में अजय (श्री एलएन इंदु कॉलेज, रोहतक) ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने संस्थानों का नाम रोशन किया।




रोहतक। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर व प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्वामी शंकरानंद महाराज,बाबा सूखा शाह के साथ श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, व्यायाम और योग अपनाने का दिलाया संकल्प

*स्वामी शंकरानंद महाराज ने अवतरण दिवस पर दिया नशा-मुक्त भारत का संदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी शंकरानंद महाराज के पावन अवतरण दिवस के अवसर पर शहर में भक्ति, सेवा और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। उन्होंने प्रातःकाल हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना के साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज कल्याण की दिशा में कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।

रोहतक में लगभग 50 स्थानों पर स्वामी शंकरानंद महाराज का अवतरण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जहां दूध का प्रसाद वितरित किया गया। अम्बेड़कर चौक पर बाबा सूखा शाह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, वहीं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया। स्वामी शंकरानंद महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नशा-मुक्त भारत का संकल्प दिलाया और युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल-कूद, योग और व्यायाम को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को देश के लिए समर्पित होकर उच्च पदों तक पहुँचने और समाज को नई दिशा देने की प्रेरणा दी।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में नवीन सचदेवा, निखिल अग्रवाल, दीपु नागपाल, कपिल खत्री, सुनील, डॉ. रवि, अनुज, सोनू दहिया, योगेश, नीतू, जैकी जिंदल, ललित भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्रों के लिए मंत्रोच्चारण के साथ हवन किया



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं में सफलता की कामना के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा हवन समारोह व फन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने आहुतियां अर्पित कर सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती का अनुभव किया। हवन के बाद आयोजित फन डे गतिविधियों ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल प्रदान किया और परीक्षा से पहले उनमें नई ऊर्जा व उत्साह का संचार किया। साथ ही, बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रेरणादायक एवं भावनात्मक चलचित्र भी दिखाए गए। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। को-फाउंडर वर्षा पठानिया ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और मनोरंजक कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन में सहायक होते हैं।

## जॉन वेस्ले स्कूल में सीनियर्स को दी विदाई

- प्राचार्या ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या डॉ. ममता मलिक एवं डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक के आगमन, दीप प्रज्वलन और तिलक समारोह के साथ हुआ। कनिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, मैशअप, सोलो व ग्रुप डांस तथा प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से अपने वरिष्ठ साथियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में विभिन्न खेल व रोचक गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनका सभी विद्यार्थियों ने आनंद लिया। कक्षा 12वीं के छात्रों को उनके व्यक्तित्व के आधार पर मिस्टर हैंडसम, मिस प्रिटी, मिस व मिस्टर मल्टीटैलेंटेड, मिस्टर सिंसियर, मोस्ट क्रिएटिव, गुड लीडर, फास्ट इन अकैडमिक्स और मोस्ट ह्यूमरस जैसे सम्मानजनक खिताब प्रदान किए गए। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने भी विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, सही निर्णय और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। समारोह में उपप्राचार्या व समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लिया।

## अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में सांग कार्यक्रम का किया उद्घाटन



रोहतक। गुरुवार को अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में सांग कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौमाता की सेवा के लिए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर दान दिया। राजू शर्मा पहरावर ने 3,51,000 रुपये, देवप्रकाश कसार ने 1,11,000 रुपये, सुनील वत्स थुराना ने 111 मन गेहूं, राजेश भारद्वाज बादली ने 1,21,000 रुपये, जतिन देशवाल बलियाना ने 1,11,000 रुपये तथा हरिओम कौशिक पहरावर ने 1,51,000 रुपये का योगदान दिया। गौशाला के प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल लगभग 10 लाख रुपये का दान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कलाकार विष्णुदत्त द्वारा प्रसिद्ध सांग "शाही लकड़हारा" का पहला भाग प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने गौशाला की सेवा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए खुलकर सहयोग किया।

**आयोजन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह**

## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में वार्षिक खेल महोत्सव कल

- 8 को होगा अभिभावक परिचय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सनसिटी स्थित जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 फरवरी (शनिवार) को वार्षिक खेल महोत्सव तथा 8 फरवरी (रविवार) को अभिभावक परिचय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोनों कार्यक्रमों को लेकर बच्चों व अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर अनामिका बल्हारा ने बताया कि इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, खेल भावना और सामाजिक कौशल का विकास करना है, साथ ही अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और गतिविधियों से जोड़ना भी है। उन्होंने रोहतक शहर के सभी अभिभावकों को कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण दिया। 7 फरवरी को होने वाले खेल महोत्सव में नन्हे बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार मनोरंजक व शिक्षाप्रद खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास, टीम वर्क और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी को आयोजित अभिभावक परिचय कार्यक्रम में अभिभावकों को शिक्षकों, काउंसलर्स और प्रबंधन टीम से संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे वे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और मानसिक विकास को बेहतर समझ सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुफ्त रिफ्रेशमेंट, बाल मनोविज्ञान पर विशेष सत्र तथा व्यक्तिगत चाइल्ड काउंसलिंग भी आयोजित की जाएगी। दोनों कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगे। विद्यालय प्रबंधन ने अधिक से अधिक अभिभावकों से भागीदारी की अपील की है।

## रामायण प्रश्नोत्तरी में प्रथम रही लक्ष्मण टीम, विजेताओं को किया सम्मानित

महम। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए मदीना में राम मंदिर निर्माण के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ना रहा। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, कर्तव्यपरायणता, त्याग, सत्य, मर्यादा एवं भाईचारे के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रामायण के प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे अपने जीवन में सत्य, अनुशासनए सेवाभाव एवं सामाजिक सद्भाव को अपनाकर एक आदर्श नागरिक बन सकते हैं। साथ ही पारिवारिक जीवन में माता.पिता, गुरुजनों एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा भी दी गई। बच्चों को यह भी समझाया गया कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य एवं विवेक से निर्णय लेकर जीवन की समस्याओं का समाधान कैसे किया जा सकता है।

### चार टीमों का किया गठन

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहए आत्मविश्वास एवं अनुशासन के साथ भाग लिया और पूछे गए प्रश्नों के सटीक एवं प्रभावशाली उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के लिए चार टीमों का गठन किया गया, जिसका नाम राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न रखा गया। कड़े मुकाबले के पश्चात लक्ष्मण टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## आत्मविश्वास, रचनात्मकता और खेल भावना का विकास करती हैं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



मकड़ौली खुर्द स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में आईबी विद्यालय द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ड्राइंग प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान (जीके) क्विज तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मकड़ौली खुर्द के सरपंच जसवंत रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री यशवीर ने की। आई.बी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जसवंत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और खेल भावना का विकास करती हैं। उन्होंने आईबी विद्यालय के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी विद्यालय का उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
REQUIRES
BAMS 2
RMO 2
NURSING STAFF 4
MRI/CT TECHNICIAN 2
ACCOUNTANT 1
COMPUTER OPERATOR 2
RECEPTION 2
WARD BOY 4

**उपलब्धि** मारुति सुजुकी की ज्वाइंट वेंचर कंपनी मशीनों प्लास्टिक लिमिटेड की ओर से हुआ आयोजन

# छोटूराम पॉलिटेक्निक की कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 80 विद्यार्थियों ने लिया भाग, 50 का हुआ चयन

- ढाई लाख रुपये से लेकर चार लाख रुपये वार्षिक तक के प्रस्तावित वेतनमान पर हुई नियुक्ति
- छात्रों के तकनीकी ज्ञान, कौशल व आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सितेन्द्र पावड़िया । फोटो : हरिभूमि

छोटूराम पॉलिटेक्निक, रोहतक में मशीनो प्लास्टिक लिमिटेड द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। मशीनो प्लास्टिक लिमिटेड, जो कि मारुति सुजुकी की एक प्रतिष्ठित ज्वाइंट वेंचर कंपनी है, ने संस्थान के विद्यार्थियों के चयन हेतु यह प्लेसमेंट प्रक्रिया आयोजित की।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, प्लास्टिक टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभागों के कुल 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी की ओर से ऑपरेशनल हेड अनिल कुमार एवं एचआर मैनेजर दिनेश खटकड़ विद्यार्थियों के चयन हेतु संस्थान पहुंचे। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 50 विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक चयन किया गया, जिन्हें ढाई लाख रुपये से लेकर चार लाख रुपये वार्षिक तक के प्रस्तावित वेतनमान पर नियुक्ति के लिए चुना गया। इस अवसर पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर जय कंवार द्वारा कंपनी से आए अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा प्लेसमेंट प्रक्रिया के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सितेन्द्र पावड़िया ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, कौशल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। यह संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी प्रतिष्ठित उद्योगों में चयनित होकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

इस मौके पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा संस्थान में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आदित्य भटनागर, विवेक देशवाल एवं राजेश हुड्डा ने चयन प्रक्रिया में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की तरफ़ से सहयोग किया।

## बाबा कालीदास धाम में अति रुद्र महायज्ञ, शिव भक्ति में डूबा इलाका

सांपला। सांपला के बाबा कालीदास धाम में इन दिनों भगवान शिव की विशेष पूजा अति रुद्र महायज्ञ बड़े ही श्रद्धा और विधि-विधान से कराई जा रही है। महायज्ञ को लेकर गांव-कस्बों में खूब चर्चा है और दूर-दराज के इलाकों से भी श्रद्धालु धाम में पहुंच रहे हैं। बाबा कालीदास ने बताया कि यह महायज्ञ किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि सारे गांव, इलाके और पूरी दुनिया की भलाई के लिए कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सबके दुःख हरने वाले हैं और सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं। महायज्ञ में भगवान शिव के पवित्र मंत्र 'श्री रुद्रम' का लगातार जाप हो रहा है। इसमें 14 हजार से ज्यादा बार रुद्र पाठ और हजार से अधिक बार चमकम पाठ कराया जा रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 121 विद्वान पंडित 11 हवन कुंडों में एक साथ रुद्र होम कर रहे हैं। बाबा कालीदास ने बताया कि अति रुद्र महायज्ञ से इंसान को डर, तनाव, बीमारी और नकारात्मक सोच से राहत मिलती है। इससे घर-परिवार में सुख-शांति, अच्छी सेहत और तरक्की आती है। महायज्ञ के चलते बाबा कालीदास धाम और आसपास का इलाका पूरी तरह शिवमय हो गया है। सुबह-शाम गूंजते मंत्रों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु भगवान शिव से अपने परिवार, गांव और देश की खुशहाली की दुआ मांग रहे हैं। सनातन परंपरा के इस बड़े धार्मिक आयोजन से इलाके में धार्मिक माहौल बना हुआ है और बाबा कालीदास धाम इन दिनों आस्था का बड़ा केंद्र बन गया है।





# शहर के दो चौराहों पर होंगे विरासत के दीदार

**एमडीयू गेट-2 का चौक :** यहां लगी मूर्तियां हरियाणवी संस्कृति, स्थानीय पहचान, भाईचारे और सरल जीवनशैली को दर्शा रहीं

**मेडिकल मोड़ पर चौक :** यहां लगी डॉक्टर्स की मूर्ति चिकित्सा सेवा, समर्पण और मानवता की सेवा के संदेश को प्रस्तुत कर रहीं



- शहर से अपनापन, सम्मान और गर्व के भाव का दे रही संदेश
- मेडिकल मोड़ की मूर्ति शहर को मेडिकल हब के रूप में दर्शा रही
- नगर निगम ने चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों खर्च किए
- शहर के 7 और चौक चौराहों के कायाकल्प की भी योजना तैयार

**रोहतक।** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अब प्रदेश की संस्कृति और विरासत के दीदार होंगे। इसके लिए नगर निगम ने सौंदर्यकरण का बीड़ा उठाया है। इसके तहत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गेट नंबर दो और मेडकल मोड़ पर चौके पर मूर्तियां स्थापित की गई हैं। जो भाईचारे और समर्पण का संदेश देती हैं। गुरुवार को इन्हें पैकिंग से बाहर निकाल दिया गया। एमडीयू के गेट नं. 2 के सामने स्थापित मूर्तियां केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं हैं, बल्कि रोहतक की सांस्कृतिक चेतना, परंपरा और शहर से दिल के रिश्ते का प्रतीक हैं। ये मूर्तियां हरियाणवी संस्कृति और स्थानीय पहचान को दर्शाती हैं। इनमें ग्रामीण जीवन, आपसी भाईचारे और सरल जीवनशैली की झलक मिलती है। इनके माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया है कि रोहतक केवल एक शहरी केंद्र नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ सांस्कृतिक शहर है। "रिजनने प्यार से रोहतक" जैसी भावना को ये मूर्तियां साकार रूप देती हैं।

### बढ़ा रहीं आकर्षण

मेडिकल मोड़ पर बने चौराहे पर डॉक्टर्स की मूर्ति भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इसमें दो पुरुष डॉक्टर और एक महिला डॉक्टर स्टेथोस्कोप पहने खड़े दिखाए गए हैं। यह स्थान इसलिए भी खास है क्योंकि यह पीजीआई जाने का मुख्य मार्ग है। ऐसे में यह मूर्ति चिकित्सा सेवा, समर्पण और मानवता की सेवा के संदेश को दर्शाती है।

## एमडीयू में शोध पद्धति पर सात दिवसीय कार्यशाला 9 फरवरी से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पीएचडी शोधार्थियों के लिए रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन 9 से 13 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों को वैज्ञानिक शोध पद्धतियों, डेटा संग्रह एवं विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यशाला का आयोजन सामाजिक विज्ञान, शिक्षा एवं विधि संकाय तथा योगिक अध्ययन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है।

## पशुओं को बीमारी से बचाव की जानकारी मेलों में मिलेगी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशुपालकों को पशु मेलों के दौरान पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए जागरूक करें। जिला प्रशासन पशु रोगों की शीघ्र पहचान, त्वरित कार्रवाई और निरंतर किसान जागरूकता के माध्यम से पशुधन स्वास्थ्य की रक्षा तथा ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डीसी लघु सचिवालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी के दौरान पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों व उनसे बचाव के लिए जागरूक किया जाए।


अंग्रेजों के जमाने में बने तालाब में आता है करीब 20 गांवों का पानी

# विस में फिर गूंज सकता है 150 साल पुराने पीरबोधी का मामला

## दो साल से हो रहे कब्जे, कई जगह लोगों ने बनाई दीवार, जल्द शुरू होगी जांच

**खसरा नंबर 7086, 7090, 7092 और 7093 से संबंधित है, जिसका कुल रकबा लगभग 58 बीघा 17 बिस्वा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पीरबोधी की जमीन का मामला एक बार फिर से विधानसभा में गूंज सकता है। हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से जारी आदेशों के बाद जल्द जांच शुरू होने जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट कमेटी को सौंपी जाएगी, जिसके बाद यह मामला विधानसभा में आ सकता है। इससे पहले भी कई बार यह मामला उठाया जा चुका है। वहीं पीरबोधी बचाओ समिति का कहना है कि इस तालाब का इतिहास करीब 150 साल पुराना है। अंग्रेजों के जमाने में इसे बनाया गया था। यहां करीब 20 गांवों का पानी आता है। अब करीब दो साल से लोग यहां कब्जे कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, मामला राजस्व संपदा में स्थित खसरा नंबर 7086, 7090, 7092 और 7093 से संबंधित है, जिसका कुल रकबा लगभग 58 बीघा 17 बिस्वा है। सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार की वर्ष 1990 की अधिसूचना के अनुसार खसरा नंबर 7086 का कुछ हिस्सा तालाब के रूप में और खसरा नंबर 7093 का कुछ हिस्सा कब्रिस्तान के रूप में दर्ज था, लेकिन गलती से पूरे खसरे किसी ओर के नाम दर्ज कर दिए गए।

### गलती सुधारने के निर्देश

अब इस गलती को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि इस भूमि को लीज पर दिया गया है। यदि यह लीज गलत तरीके से दी गई है तो उसे रद्द करने के आदेश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही भूमि के रिकॉर्ड में बार-बार किए गए बदलावों की भी जांच होगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो उसे ठीक किया जाएगा।



खसरा नंबर 7086 का कुछ हिस्सा तालाब के रूप में और 7093 का कुछ हिस्सा कब्रिस्तान के रूप में दर्ज था ■ पर गलती से पूरे खसरे किसी ओर के नाम दर्ज कर दिए

### लगवाए सूचना बोर्ड

यह जमीन नगर निगम की नहीं है। यहां केवल आदेशों की पालना करते हुए सूचना बोर्ड लगवाए गए हैं।
**-मंजीत सिंह**, संयुक्त आयुक्त

### प्रशासन से करेंगे मुलाकात

यहां तालाब करीब 150 साल पुराना है। अंग्रेजों के जमाने में इसे बनाया गया था। यहां कब्जे तो दो साल से होने की बात पता चली है। जल्द ही प्रशासन से इस मामले में मुलाकात की जाएगी।
**-ऋषि देशवाल**, एडवोकेट

### ये लिखा है बोर्ड पर

अंतिम विकास योजना 2021 एडी, रोहतक ,के अनुसार, इस स्थल पर 60 मीटर चौड़ी रोहतक -गोहाना सड़क (वी -1 सी )के किनारे 60 मीटर (200 फीट) चौड़ी हरित पट्टी है। इसलिए यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य निषेध है। यह स्थल प्राकृतिक संरक्षण क्षेत्र (एनसीजेड) और जल निकाय के अंतर्गत भी आता है, जो भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### यह है मामला

यह मामला विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति के संदर्भ में लंबित है और समिति सारे मामले की गहन जांच कर रही है। 21 जनवरी 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति की बैठक में आश्वासन संख्या 11-ए के अंतर्गत पीर बोधी तालाब पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए गए थे। समिति के अध्यक्ष द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निर्देशों के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद नगर निगम रोहतक ने इन निर्देशों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थल पर चेतावनी बोर्ड स्थापित किए। समिति द्वारा समय समय पर की जा रही जांच में एफसीआर रेवेन्यू, एसीएस अर्बन लोकल बॉडी, एसीएस इरिगेशन एंड वॉटर रिसोर्सेस, रोहतक आयुक्त, उपायुक्त, वक्फ बोर्ड के सीईओ एवं टाउन एंड कंट्री विभाग के अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है।



## अधिकारी लंबित और रि-ओपन शिकायतों का तुरंत करें उचित निपटारा : अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर की सभी लंबित एवं रिओपन हुई शिकायतों का तुरंत निपटारा करवाएं। सभी विभागाध्यक्ष शुक्रवार को समाधान समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा इस समीक्षा बैठक में सभी शिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाएगी। अधिकारी सभी पोर्टलों पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा भी करवाए। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र व उचित निपटारा करवाए ताकि समाधान शिविर में प्राप्त समस्याओं का स्थाई निपटारा हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से भी संवाद करें तथा उन्हें विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई बारे जानकारी देकर संतुष्ट करने की कोशिश करें। समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिड्डू मौजूद रहे।



## एमडीयू के समाजशास्त्र विभाग में भारतीय रेल में रोजगार अवसरों पर विशेषज्ञ व्याख्यान

**रोहतक।** रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के समाजशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय रेल में रोजगार के अवसर विषय पर एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेश सांगवान, मंडलीय रोजगार अधिकारी, रोजगार विभाग, हरियाणा सरकार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय रेल में विभिन्न श्रेणियों के पदों, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, भर्ती प्रक्रिया, चयन प्रणाली तथा पदोन्नति की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, सही मार्गदर्शन और समयबद्ध तैयारी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। संवादात्मक सत्र में उन्होंने विद्यार्थियों के रेलवे भर्ती, परीक्षा पैटर्न तथा करियर विकास से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के करियर उन्मुख कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रो. के.एस. सांगवान, प्रो. जितेंद्र प्रसाद, डॉ. नीरज सांगवान एवं हरदीप हुड्डा सहित विभाग के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नव-नियुक्त शिक्षकों को मिलेगा समग्र एवं आधुनिक प्रशिक्षण




**रोहतक।** एक शिक्षक केवल विषयवस्तु का संप्रेषण नहीं करता, बल्कि वह सोच को दिशा देकर जीवन को आकार देता है। इसी भावपूर्ण संदेश के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित यूजीसी–मानव संसाधन विकास केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित गुरु दक्षता फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मार्च 2026 तक नव-नियुक्त शिक्षकों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन (ब्लेंडेड मोड) में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एससी मलिक, डीन, एकेडमिक अफेयर्स, एमडीयू ने कहा कि शिक्षक की भूमिका कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने आचरण, दृष्टिकोण और मूल्यों के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और कौशल अर्जित किए जा सकते हैं, लेकिन संवेदनशीलता, नैतिकता और चरित्र ही शिक्षक को प्रभावी और प्रेरणादायी बनाते हैं। प्रो. मलिक ने नव-नियुक्त शिक्षकों से विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक के साथ-साथ प्रेरणा का स्रोत बनने का आह्वान किया।

### 16 से अधिक राज्यों से 112 प्रतिभागी भाग ले रहे

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. मुनीष गर्ग, निदेशक, यूजीसी–एमएमटीटीसी, एमडीयू ने कहा कि गुरु दक्षता कार्यक्रम का उद्देश्य नव-नियुक्त शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम की आधुनिक पद्धतियों, अनुसंधान एवं नवाचार, अकादमिक नैतिकता, तकनीकी दक्षता तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की व्यापक समझ प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर प्रो. माधुरी हुड्डा, उप-निदेशक, यूजीसी–एमएमटीटीसी ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में देश के 16 से अधिक राज्यों से 112 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। एक माह की अवधि में 96 से अधिक शैक्षणिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से 50 से अधिक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्ति शिक्षण, अनुसंधान, मूल्यांकन, आईसीटी टूल्स और शैक्षणिक नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## रोहतक में 14 को होगा सीजेआई सूर्यकांत का अभिनंदन समारोह

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक गुरुवार को चौधरी रणबीर सिंह मेमोरियल हॉल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान दीपक हुड्डा ने की। बैठक में बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व चेयरमैन बिजेंद्र अहलावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। आमसभा में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के अभिनंदन समारोह को लेकर चर्चा हुई, जो अब 14 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा। बैठक में कार्यकारिणी के कार्यभार ग्रहण करने से अब तक की अवधि की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस कराने का निर्णय लिया गया। चैंबर्स निर्माण के लिए एकत्रित राशि और निर्माण पर हुए खर्च के बीच करीब 7 करोड़ रुपये का अंतर सामने आया, जिस पर अधिशेष राशि को चैंबर मालिकों को लौटाने के विकल्पों पर चर्चा हुई।

विस की सब्जेक्ट कमेटी ने पीजीआईएमएस का दौरा किया

# संस्थान एक परिवार की तरह यहां उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं उपलब्ध : डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। हरियाणा विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाएं व स्वास्थ्य शिक्षा समिति की टीम को मरीजों की जानकारी देते पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल।

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बृहस्पतिवार को हरियाणा विधानसभा की मेडिकल एजुकेशन एंड हेल्थ सर्विसेज की सब्जेक्ट कमेटी ने पीजीआईएमएस का दौरा किया। कमेटी के सदस्यों ने पीजीआईएमएस के निदेशक कार्यालय में अधिकारियों के साथ वार्ता की और संस्थान में निरीक्षण किया। पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने सभी विधायकों का स्वागत किया और अधिकारियों से अवगत करवाया। डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि संस्थान एक परिवार की तरह मरीजों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। कमेटी द्वारा संस्थान में पौधारोपण करके हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

जिले के पीजीआईएमएस में निरीक्षण के लिए हरियाणा विधानसभा की स्वास्थ्य सेवाएं व स्वास्थ्य शिक्षा समिति की टीम पहुंची। स्वास्थ्य विभाग की टीम को हरियाणा के सरकारी मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस छात्रों ने ज्ञापन सौंपा।

## गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ें



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों को संतुलित आहार दिया जाए। ज्यादा से ज्यादा स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी केन्द्रों के साथ जोड़ा जाए ताकि उनका स्वास्थ्य सही रहे। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में 1004 आंगनवाड़ी केन्द्र है। इन आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले 6 वर्ष आयु के सभी बच्चों को संतुलित आहार दिया जाए। उन्होंने पोषण वाटिकाओं तथा पोषण गतिविधियों की समीक्षा की। जिला में 381 आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका स्थापित की गई हैं।

### गर्भवती महिलाओं व बच्चों का 100% टीकाकरण कराएं

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकारी जिला में प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के 100 प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। डीसी बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला नवजात शिशुओं को जीरो डोज देने के मामले में प्रदेश में अव्वल है।

**संग्रहालय निर्माण का पहला पत्थर 2004 में तत्कालीन सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने रखा था**

छोटू राम संग्रहालय में रखे सैकड़ों साल पुराने बेशकीमती सामान को खा गई डीमक

# लोकहित संस्था का प्रतिनिधिमंडल बोला–प्रशासन जल्द सुध ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन देते लोकहित संस्था, आठगामा तपा बोहर व राष्ट्रीय जाट महासभा का प्रतिनिधिमंडल का डेलीगेशन। फोटो : हरिभूमि

लोकहित संस्था, आठगामा तपा बोहर व राष्ट्रीय जाट महासभा का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त से मिला। डेलीगेशन ने गढ़ी सांपला स्थित छोटू राम संग्रहालय की बदहाली के बारे में डीसी की गैर मौजूदगी में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को अवगत कराया। इस अवसर पर लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने बताया कि पिछले कुछ सालों से गढ़ी सांपला स्थित छोटू राम संग्रहालय में रखा सैकड़ों साल पुरानी बेशकीमती सामान ढीमक खा गई व सरकार ने इसकी कोई सुध नहीं ली अतिरिक्त उपायुक्त से अनुरोध किया की इस बारे जल्द संज्ञान ले। इस अवसर पर आठगामा तपा बोहर के प्रधान रणबीर नांदल ने कहा की सर छोटूराम किसान कमेरे के मसिहा थे व उनके संग्रहालय की हालत ना बर्दाश्त है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन बावड़िया ने कहा कि प्रशासन इस मामले जल सुध लें।

### चौ. छोटूराम की 64 फीट ऊंची प्रतिमा लगी

सांपला स्थित सर छोटूराम स्मारक और संग्रहालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 9 अक्टूबर 2018 को किया गया था। इस परिसर में चौधरी छोटूराम की 64 फीट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की गई है। 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने भी पाकिस्तान से छोटूराम की कुछ स्मृतियां लाकर रखवायी थी। जिसमें चारपाई और कुछ वह दूसरा सामान था, जिसे छोटूराम प्रयोग करते थे। सामान यहां रखवाने से पहले प्रदेश में एक यात्रा भी तत्कालीन सरकार द्वारा निकाली गई थी। यात्रा का समापन सांपला में मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला द्वारा रैली के संबोधन के साथ संपन्न हुआ था।

जुलाना, बास और पुट्ठी सहित कई गांवों के लोगों को हो रही परेशानी

# धीमी गति से चल रहा स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाने का काम, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

■ दिनभर उड़ती रहती है धूल

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा महम में दशहरा ग्राउंड के पास स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लेकिन पाइप लाइन बिछाने का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जिस वजह से जुलाना, बास, सैमाण, पुट्ठी, भैणीसुरजन, भैणीचंद्रपाल और फरमाणा की ओर जाने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता अवरूध हो जाने से आम लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। पास में ही पंजाबी धर्मशाला और दीवान फार्म हाऊस हैं। जिनमें रोजाना ब्याह शादियों और अन्य आयोजन चलते रहते हैं। लेकिन दिनभर यहां धूल उड़ती रहती है। पिछले करीब 15 दिन से दुकानदारों का धंधा चौपट हो गया है। दुकानें बंद हो गई हैं। ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। महम शहर के रिहायशी इलाकों में आने जाने के लिए लोग इसी रास्ते का प्रयोग करते हैं। मार्केट कमेटी महम के वाइस चेयरमैन लीलू राम बेडवा ने बताया कि सैमाण चुंगी से दशहरा ग्राउंड तक जो पाइप लाइन बिछाई गई है। उसके बाद उस रास्ते को समतल नहीं किया गया है। जो काम हो चुका है, उस पर भी लोगों को वाहन निकालने में परेशानी हो रही है। अब दशहरा ग्राउंड से नया बस स्टैंड चौक तक पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है।



### अधिकारियों से करेंगे बातचीत

नगर पालिका महम के सचिव नवीन नांदल ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाई जा रही है। यह काम जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। उनको पता चला है कि काम धीमी गति से चल रहा है। इस संबंध में वे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बातचीत करेंगे। आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जल्द ही नया बस स्टैंड चौक का रास्ता क्लीयर करवाया जाएगा।